# मानव जीवन में जल सेवा से बढ़कर दूसरी कोई सेवा नहीं होती है





▸ रेल उपभोक्ता संघ द्वारा रेलवे स्टेशन पर ठंडे जल की सेवा प्रारंभ

**बड़नगर - रेल उपभोक्ता संघ के द्वारा रविवार को रेलवे स्टेशन पर ग्रीष्म ऋतु ठंडा जल सेवा का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बड़नगर आरव्ही गुप्ता के करकमलों से एवं रेलवे स्टेशन अधीक्षक हरिसिंह मीणा और संस्था के वरिष्ठ हरिकिशन मेलवाणी की गरिमामयी उपस्थिती में शुभारंभ हुआ।**

इस वर्ष की जलसेवा के प्रथम लाभार्थी शिक्षाविद एवं आकाशवाणी कवि सुरेशचंद्र माहेश्वरी रहे।आपके द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। जलसेवा प्रतिदिन 11 बजे से शाम 6 बजे से तक मानसून सक्रिय होने तक सतत, प्रतिदिन जलदूतों द्वारा सेवा की जाती है। समारोह के प्रारंभ में संस्था के डॉ. डी. के. विश्वास और डॉ. जीएल ददरवाल ने अतिथियों को तिलक और फल भेट कर अभिनंदन किया। पश्चात स्वागत भाषण राजकुमार जैन, सत्यनारायण शर्मा, शैलेन्द्रसिंह राठौर ने भी उदबोधन दिये।जलसेवा के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जल सेवा से बढ़ कर मानव जीवन में इससे बड़ी सेवा नहीं हो सकती।इस अवसर पर संग्रामसिंह पंवार, राकेश कुमार सरनोत, सुमति कुमार मारवाड़ी, प्रेमकुमार खींची, मोड़ीराम कुमावत, प्रकाश चंद बम, प्रकाशचंद्र नवधाने, ललित सुरेश सोनी, श्याम गुर्जर, विजयकुमार सेन, विवेक काबरा, शाकिरअली जागीरदार, मुस्तफा सैफी तिजोरीवाला, चंद्रप्रकाश सोनी, रईस अहमद रहमानी, कलीम शेख, प्रर्मेंद्र बारोड़, अतुल कासलीवाल, सुरेश शर्मा ऊंटवास, पवन वर्मा, दिनेश शर्मा ऊंटवास, परमेश्वर माली लुहारिया, हुसैनीभाई किलोलीवाला, भंवरलाल भायल, माणकलाल राठौड़ आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन का संचालन प्रेमनारायण पोरवाल और आभार अतुल लाठी ने माना।

# महिदपुर में विजय स्तम्भ पर गूंजा हिंदू एकता का स्वर

▸ तोगड़िया ने कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर बढ़ाया उत्साह



**महिदपुर। नगर के विजय स्तम्भ पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में एक भव्य एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू एकता और संगठन की मजबूती का स्पष्ट संदेश देखने को मिला।**

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण जी तोगड़िया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौर, मालवा प्रांत अध्यक्ष महंत भारती, प्रांत महामंत्री किशोर यादव, प्रांत कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव एवं राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत महामंत्री भूपेंद्र पाटीदार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। अध्यक्षता सुभाष ठाकुर ने की। वहीं जिला कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम प्रजापत, तहसील अध्यक्ष सुल्तान सिंह ठाकुर एवं तहसील महामंत्री श्याम लाल चौहान की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. तोगड़िया ने महिदपुर सिटी में विजय स्तम्भ पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कार्यकर्ताओं से जुड़ाव दिखाते हुए एडवोकेट संजय व्यास, सुभाष ठाकुर एवं मनोज प्रजापत के निवास पर पहुंचकर मुलाकात की, जिससे कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया।

इस सफल आयोजन में जिला कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम प्रजापत की टीम की अहम भूमिका रही। आयोजन में सहयोग करने वालों में मनोज प्रजापत, लोकेश अंडेरिया, देवेंद्र प्रजापत, राहुल सोलंकी, योगेंद्र सोलंकी, हेमंत धोसरिया, अरविंद राठौड़, अखिलेश निधान, विक्की यादव, वीरेंद्र नवलखा, शरद परमार, सतीश यादव, सुधीर मूणत, लखन राजपूत, राम ठाकुर, बबलू ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय रहा।संचालन कैलाश राठी ने किया। तन्मय खंडूजा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया।

# सरपंच प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला

▸ आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस अधीक्षक के नाम दिया ज्ञापन

**उज्जैन।जिले के झारड़ा क्षेत्र में शासकीय गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने सरपंच प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला कर दिया।**

गंभीर रूप से घायल सरपंच प्रतिनिधि नागूलाल मालवीय (50) का उज्जैन के फ्रीगंज स्थित तिरूपति हॉस्पिटल के आईसीयू में उपचार जारी है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को झारड़ा तहसीलदार, पटवारी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा गौशाला की गोचर भूमि का सीमांकन कर सीमा चिन्ह स्थापित किए गए थे। इसके बाद 4 अप्रैल की सुबह सरपंच प्रतिनिधि नागूलाल मालवीय पर शासकीय शिक्षक भागीरथ सोलंकी ने अपने परिजनों व साथियों के साथ मिलकर कथित रूप से लाठियों से हमला कर दिया। हमले में मालवीय को गंभीर चोटें आईं, जिसका वीडियो भी सामने आया है। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

झारड़ा क्षेत्र के लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पुलिस ने मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया, जिससे वे खुलेआम घूम रहे हैं। सरपंच पवित्रा नागूलाल मालवीय, रेणुका गांधी एवं जे के मालवीय डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव ने बताया कि शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन के सहयोग से की गई थी। ऐसे में सरपंच प्रतिनिधि पर हमला केवल व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी हमला है। ज्ञापन में प्रमुख मांगें की गई हैं, जिनमें आरोपियों पर प्राणघातक हमले की धाराएं बढ़ाकर गिरफ्तारी, पीड़ित को सुरक्षा, निष्पक्ष जांच, उपचार का खर्च शासन द्वारा वहन करने तथा मुख्य आरोपी भागीरथ सोलंकी को शासकीय सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है।



# भारतीय जनता पार्टी ने 47 वां स्थापना दिवस मनाया

**महिदपुर। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 6 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं ध्वजारोहण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पूजन, दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव, मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, महामंत्री दिनेश ग्रोवर, वरिष्ठ सुधीर मूणत ने किया। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना को लेकर पार्टी आला कमान का संदेश मंडल के मंत्री श्रीपाल राठी ने वाचन किया। भारतीय जनता पार्टी के ध्वज का ध्वजारोहण वरिष्ठ जनों ने किया। वंदे मातरम गान के बाद जयकारे लगाए गए। यह स्थापना दिवस उन सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के परिश्रम, त्याग और राष्ट्र सेवा के संकल्प का प्रतीक है। जिन्होंने पार्टी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया। सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ राष्ट्र निर्माण के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें यही संकल्प हम सभी का होना चाहिए।

कार्यक्रम में सतीश यादव, बहादुरसिंह आंजना, निर्भयसिंह भाटी, वीरेंद्र नवलखा, शरद परमार आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन निलेश सोलंकी ने किया, आभार प्रदीप पण्ड्या ने माना। जानकारी अर्जुनसिंह ठाकुर ने दी।

## एक नजर में

### आदेश निरस्त करवाने विधायक को दिया ज्ञापन

**खाचरौद।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के आव्हान पर उच्चतम न्यायालय के द्वारा 1 सितम्बर 2025 को दिए गए टीईटी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतु नागदा और खाचरौद तहसील के शिक्षक संघ के कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दिया गया। सभी शिक्षक साथियों ने शासन से उक्त आदेश को निरस्त करवाने हेतु विधायी हस्तक्षेप करने की मांग की। उक्त ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने की तथा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया। जानकारी जिला प्रवक्ता वैदेश्य चंदेल ने दी।

### भाजपा समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है

**खाचरौद।** भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस खाचरौद नगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं में अपने घर पर झंडा फहराने के साथ ही मिठाइयां बांटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र के संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहाकि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। वर्तमान समय में केंद्र की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प लेकर लेकर पूरी शिद्दत के साथ राष्ट्र निर्माण में लगी हुई है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अभिभाषक मनीष शर्मा, क्षेत्र के भाजपा पार्षद गोदावरी बंबोरिया, बुथ अध्यक्ष राहुल बंबोरिया, सिद्धू पहलवान, प्रेम सिंह यादव, किरण माटी, वर्षा यादव, ओमप्रकाश बैरागी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किसान संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**खाचरौद।** भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के डॉ. मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेहा साहू को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें प्रमुख मांगे गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी शीघ्र शुरू के साथ खरीदी में किसी प्रकार की लिमिट न लगाई जाए, तौल कांटे की संख्या एवं तुलावटी हम्माल की कमी न हो, बारदान पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहे, सभी खरीदी बड़े तौल कांटे से तौलने की व्यवस्था की जाए, जिन किसानों ने समर्थन मूल्य की खरीदी के पूर्व मजबूरी में मंडियों में कम दाम पर गेहूं बचा है।

उन्हें समर्थन मूल्य के अंतर की राशि भावांतर योजना में दी जाए। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी में हुई देरी के कारण कई किसानों के जिला सहकारी बैंक के खाते ओवरड्यू हो गए, उन्हें ब्याज तथा पेनेल्टी के साथ भुगतान करना पड़ रहा है। अत: बैंक की खाता पेनेल्टी की तारीख बढ़ाकर 30 अप्रैल की जाए। किसानों पर गेहूं की नरवाई जलाने पर एफआईआर और चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसे तुरंत बंद किया जाए अन्यथा भारतीय किसान संघ इसके विरोध में जेल भरो आंदोलन करेगा। उज्जैन जावरा ग्रीनफील्ड रोड में तहसील में हो रहे भूमि अधिग्रहण का मुआवजा किसानों को बाजार भाव से दिया जाए।

उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में जिला युवा वाहिनी संयोजक राजाराम सेकवाड़िया, तहसील अध्यक्ष श्याम पहलवान धाकड़, श्याम बाबू बंबोरिया, सदाशिव मेहता, गोकुल सिंह केसरिया, घनश्याम नायमा, गोवर्धनलाल अटोलिया, देवीलाल बंबोरिया, बालाराम मदारा, बाबूलाल कासनिया सहित किसान संघ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# एचपीवी टीकाकरण को लेकर दिखा उत्साह

▸ स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**इंदौर.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर अंतर्गत यूनिक हायर सेकेंडरी स्कूल में अरविंदो हॉस्पिटल और चोइथराम नेत्रालय के सहयोग से वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. शिविर में शिशु, नेत्र, हृदय एवं दंत रोगों की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं दीं, वहीं विकलांगता प्रमाण पत्र, आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए.

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक ऊषा ठाकुर ने किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशन में महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. शिविर में एचपीवी टीकाकरण के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला, जिसमें 24 किशोरियों ने टीका लगवाया. कुल 1500 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई. शिविर में स्थानीय नागरिकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही.

# राजपूत समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 80 से अधिक रिश्ते तय



▸ युवाओं ने ली दहेज न लेने की शपथ, विदेशों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े प्रतिभागी

▸ उज्जैन में हुआ मध्य प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा निशुल्क आयोजन

**उज्जैन।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राजपूत सोशल ग्रुप के तत्वावधान में देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में राजपूत समाज का भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ। इस आयोजन में 80 से अधिक रिश्ते तय हुए। कार्यक्रम की व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशों में रहने वाले समाजजन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

**देश-विदेश से मिलीं 800 से अधिक प्रविष्टियां**

कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह भदौरिया और नरेश सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन के लिए देश-विदेश से 800 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागदा-खाचरौद विधायक श्री तेजबहादुर सिंह चौहान, भिंड के समाजसेवी देवेंद्र सिंह भदौरिया, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर रमन सिंह सिकरवार, राम कथा वाचक श्री शुलभ शर्मा, इंदौर के जोगेंद्र सिंह भदौरिया और ददुरवा धाम के मनीष महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ब्रिजपाल सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा परिचय पत्रिका %वैवाहिकी% का विमोचन किया गया।

**भूतपूर्व सैनिकों व दंपतियों का हुआ सम्मान**

सम्मेलन में देश सेवा करने वाले सेना के 31 सेवानिवृत्त सैनिकों का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही समाज के 35 दंपतियों को साड़ी, मोमेंटो और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए योगेंद्र सिंह कोकलाखेड़ी और राजेश सिंह भदौरिया बंटी को अतिथियों एवं महासभा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पत्र, मोमेंटो व अंगवस्त्र भेंट कर %राजपूत गौरव सम्मान% से अलंकृत किया गया।

**दहेज न लेने और फिजूलखर्ची रोकने का संकल्प**

इस अवसर पर उपस्थित युवक-युवतियों ने मंच से दहेज न लेने की शपथ ली और समाजजनों से विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची न करने की अपील की गई। आयोजकों के अनुसार यह मध्य प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन था, जो पूर्णत: निशुल्क रहा। इसमें 1500 से अधिक उपस्थित स्वजनों के लिए अल्पाहार, भोजन, कुंडली मिलान तथा रेलवे स्टेशन से कार्यक्रम स्थल तक आवागमन की निशुल्क व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में महासभा के वीनू कुशवाहा, छोटे सिंह भदौरिया, शिवेंद्र सिंह भदौरिया, सुंदर सिंह भदौरिया, संजीव सिंह, बृजेंद्र सिंह कुशवाह, अतेंद्र सिंह तोमर, मनोज सिंह भदौरिया, रघुवीर सिंह बैस, राकेश सिंह भदौरिया, कुलदीप सिंह क्षत्रिय, रामकिशन सिंह भदौरिया, भानु भदौरिया, सोनू चौहान, डॉक्टर राम अवतार सिंह कुशवाह, सुरेंद्र सिंह तोमर, रामनरेश सिंह भदौरिया, रतन सिंह भदौरिया, ओमवीर सिंह भदौरिया और श्रीकिशन सिंह सिकरवार सहित कई गणमान्य जन उपस्थित थे।

**एक नजर** ▸ श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ व श्री मां रास मंडल के साथ समाजजनों ने किया अभिनंदन

# अजा मोर्चा के इंदौर संभाग प्रभारी बनने पर ओमप्रकाश मोहने का किया सम्मान



**उज्जैन। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश मोहने को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति (अजा) मोर्चा का इंदौर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस दायित्व के मिलने पर रविदास समाज में हर्ष का माहौल है। उज्जैन में समाजजनों ने उनका भव्य स्वागत कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।**

श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ एवं श्री मां रास मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत समारोह का नेतृत्व महापीठ के प्रदेश मंत्री व रास मंडल अध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी खलीफा, महापीठ के जिलाध्यक्ष अजय राठौर और युवा संघ अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने किया। समाज के युवाओं और वरिष्ठजनों ने मिलकर मोहने का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य व सफल कार्यकाल की कामना की।

**निष्ठा, संघर्ष और सेवा का सम्मान**-इस अवसर पर मुकेश सूर्यवंशी खलीफा ने कहा कि मोहने को मिला यह दायित्व केवल एक पद नहीं है, बल्कि समाज और संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निस्वार्थ सेवा, संघर्ष और निष्ठा का सम्मान है। उन्होंने हमेशा कमजोर वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मोहने ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदू सूर्यवंशी, फूल सूर्यवंशी, प्रेम सूर्यवंशी, पहलवान रामचरण सूर्यवंशी, राहुल लोट, संजू पिपरिया सूर्यवंशी, चेतन अहिरवार, गुलाब सूर्यवंशी, जितेंद्र डांगरे, आकाश चूर्या, दीपक सुनहरे, चंपालाल सूर्यवंशी, जितेंद्र सूर्यवंशी, चेतन सूर्यवंशी, आकाश लाहोरिया, आकाश सूर्यवंशी और निखिल सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।